भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1064
दिनांक 22 नवम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

महिला सशक्तीकरण योजना

1064. श्री पी॰ वी॰ मिधुन रेड्डीः
श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डीः
श्री बेल्लाना चन्द्रशेखरः
श्री श्रीधर कोटागिरीः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने ब्लॉक स्तर पर महिला सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण और क्षमता संवर्धन कार्यक्रम आरंभ किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश राज्य में चिन्हित किए गए कुल ब्लॉक कितने हैं और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) से (ख) : सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तहत महिला शक्ति केंद्र (एमएसके) योजना का नवम्बर, 2017 में केंद्रीय प्रायोजित योजना के तौर पर अनुमोदन किया गया । योजना के तहत महिलाओं खासतौर से सुदूर/संवेदी इलाकों जहां महिलाएं औपचारिक कौशल प्रशिक्षण के लिए अपने घरों से निकलने की स्थिति में नहीं हैं, की आजीविका जरूरतों के समाधान के लिए 115 आकांक्षी जिलों में 50% से अधिक एमएसके ब्लाकों में महिला समूहों के क्षमता निर्माण की परिकल्पना की गई है । इस घटक को एनजीओ/सहकारी समितियों/कृषि विज्ञान केंद्रों के सहयोग से कार्यान्वित किया जाना है ।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश के तीन आकांक्षी जिलों यथा विजयनगरम, विशाखापट्टनम और वाईएसआर कडप्पा में प्रति आकांक्षी जिले में 8 ब्लॉकों में ब्लॉक स्तरीय गतिविधियां चलाने के लिए धनराशि (केंद्रीय अंश) निर्मुक्त की है । प्रति आकांक्षी जिले में 08 ब्लॉकों के हिसाब से कुल 24 ब्लॉकों को आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा चिन्हित किया गया है । चुने गए ब्लॉकों के नाम अनुलग्नक में दिए गए हैं ।

*****

अनुलग्नक

'महिला सशक्तीकरण योजना' विषय पर श्री पी॰ वी॰ मिधुन रेड्डी, श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी, श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर तथा श्री श्रीधर कोटागिरी द्वारा दिनांक 22 नवम्बर, 2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1064 के उत्तर के भाग (ग) में संदर्भित अनुलग्नक

महिला शक्ति केंद्र योजना के तहत

आकांक्षी जिलों में चिन्हित ब्लॉक

क्र.सं.	जिले का नाम	चिन्हित ब्लॉक का नाम
1.	वाईएसआर कडप्पा	कडप्पा
		प्रोदुत्तुर
		सी.के. डिने
		रायचोटी
		बी. कोडुर
		गलीवीडु
		पोरुमामिल्ला
		वेमपल्ली
2.	विशाखापट्टनम	गाजुवाका
		चोडावरम
		अराकु
		पडेरु
		चिंतापल्ली
		नरसीपटनम
		जी. मदुगुला
		एस. रायवरम
3.	विजयनगरम	गन्तयादा
		चीपुरुपल्ली
		बदांगी
		एस. कोटा
		भोगापुरम
		सलुर रूरल
		गजपतिनगरम
		भद्रागिरी